आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.09.2026 **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा कल से शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।
3. खेल एवं युवा मामले विभाग, की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग –2027 के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
4. शिक्षा निदेशालय की ओर से हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर विषय पर 3–दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 138वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूजआन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर जीवंत प्रसारण भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के शहीद द्वीप दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। वे कल और 28 सितम्बर को शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और विश्व पर्यटन दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे। दौरे के दौरान, उपराज्यपाल शहीद द्वीप के दो प्रमुख पर्यटक स्थलों – भरतपुर बीच और लक्ष्मणपुर सनसेट बीच पर स्वच्छता अभियानों का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद, वे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्लस्टर का निरीक्षण और कचरा पृथक्करण व निपटान की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। वे पुलिस थाना, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और जेट्टी का दौरा कर वहां स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन सुविधाओं का जायजा लेंगे। उपराज्यपाल पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों और आम जनता के साथ स्वच्छता, पर्यटन, स्वच्छता प्रबंधन तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर संवाद करेंगे।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के सभी अड़तीस क्लस्टर संसाधन केंद्रों के अंकुरन मेंटर्स के लिए दो–दिवसीय क्षमता–निर्माण कार्यशाला कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहनपुरा के सभागार में शुरू हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंकुरन मेंटर्स की अकादमिक, मेंटरिंग और मैदानी स्तर की क्षमताओं को मजबूत करना है। उद्घाटन सत्र में अंकुरन मेंटर्स ने व्यक्तिगत रूप से, जबकि समन्वयकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की निदेशक संगीता चंद ने विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को मजबूत करने में मिशन अंकुरन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मिशन को जमीनी स्तर पर प्रभावी स्कूल–स्तरीय प्रथाओं में बदलने के लिए क्लस्टर स्तर के मेंटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया ।

<><><><><><><><>

अंडमान विधि कॉलेज के विद्यार्थियों ने जेल एवं सुधार प्रशासन की व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं का अवलोकन करने के लिए अपने अध्ययन दौरे के तहत जिला जेल, प्रातरापुर का दौरा किया। यह दौरा संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में कुल पांच बैचों में आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को सुधारात्मक प्रशासनिक उपाय द्वारा कैदियों के जीवन में बदलाव, उनके स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं पर जानकारी दी गई। जेल अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जेल प्रशासन की पूरी कार्यप्रणाली के बारे मे भी विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग –2027 के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता शुरू किया जाएगा। इस में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सफल पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग तक के युवा MY Bharat पोर्टल के माध्यम से भाग ले सकते हैं। कुल पांच सौ शब्दों की निर्धारित सीमा के साथ निबंध पांच अक्टूबर से पन्द्रह अक्टूबर तक जमा किए जा सकते हैं। "ब्लू इकोनॉमी, मानव पूंजी और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता" विषय के साथ विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत यह प्रतियोगिता विशेष रूप से अंडमान निकोबार द्वीप समूह को सौंपा गया है। राज्य स्तर के विजेता अगले वर्ष

10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीयविकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग –2027 में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर विषय पर 3–दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अबरडीन, के सभागार में रखा गया है। तीनों जिलों के सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के पीजीटी, जीटीटी और पीईटी शिक्षक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर कल शिक्षा निदेशकआदित्य संगोत्रा ने बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और मानसिक कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूकता और उनके प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यशाला 28 सितंबर तक जारी रहेगी।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में 'स्थापना नियम, आरक्षण, वरिष्ठता, पदोन्नति, डीपीसी और आरटीआई' पर आयोजित 5–दिवसीय परिभ्रामी प्रशिक्षण कार्यक्रम कल संपन्न हो गया। द्वीप प्रशासन के प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विंग ने यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से समामेलित लिपिक वर्ग के कर्मचारियों के लिए आयोजित किया। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह ने सतत क्षमता निर्माण तथा कुशल प्रशासन के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

अनिडको की सभी पेट्रोलियम और आई एम एफ एल इकाईयों में स्टॉक और संपत्तियों के अर्धवार्षिक भौतिक सत्यापन का कार्य तीस सितम्बर को किया जाएगा। निर्धारित तिथि के दिन दोपहर एक बजे से सभी इकाईयां बंद रहेगी।

<><><><><><><>

11वें आयुर्वेद दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान के सिलसिले में सीएसएल शिप रिपेयर यूनिट ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष विभाग के सहयोग से आयुर्वेद और जन भागीदारी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद कीर्ति ने इस जागरूकता सत्र का संचालन किया। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद के सिद्धांतों और संतुलित आहार की प्रभावशीलता पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य और स्वच्छता पहलों में जन भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण ने कार्बाइंस कोव बीच पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया, जिसमें एथलीटों, कोचों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने समुद्र तट के आसपास के क्षेत्र की सफाई की और कचरा एकत्र किया ।

<><><><><><><>